तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

5 कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम, धरना



6 मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, चांदी के ...



## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर घूमने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि सेक्टर-6 ई-मार्केट, बीएसपी अस्पताल गेट के सामने धारदार हथियार लहराकर घूम रहा था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी सेक्टर-06 तेलगू पारा, भिलाई नगर निवासी राजकिशोर राम उर्फ बबुआ अपना नाम बताया है। तलाशी लेने पर युवक के पास से धारदार तलवार, अन्य धारदार हथियार जप्त किया।

### सट्टापट्टी के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा पट्टी लिखते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पाटन पुलिस के पेट्रोलिंग के दौरान वार्ड 9 पाटन में सट्टा लिखने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पाटन निवासी वीरेन्द्र देवांगन को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने मोबाइल, नगदी 10 हजार 90 रुपए, सट्टा पट्टी से जुड़े कागजात जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट का अवैध रुप से बेच रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नितेश यादव, खुर्शीद आलम को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान प्रतिबंधित नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम के 13 पैकेट, कुल 195 टेबलेट जिसकी कीमत 78 हजार रुपए आंकी गई। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### मां की जमीन व मकान को बेटे ने दोस्त के साथ मिलकर धोखे से बेचा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मां के जमीन व मकान को बेटा और उसके दोस्त ने मिलकर साजिश के तहत लाखों रुपए का ठगी कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि अमर चौक शर्मा बाड़ा राजातालाब रायपुर निवासी मनोराम भिवंडे का प्रीति विहार के सामने अमलेश्वर में 1420 वर्गफीट में जमीन है। जिसमें मकान बनाई है। पैसे की जरुरत पड़ने पर बेटा प्रवीण भिवंडे और उसका दोस्त पारस प्रसाद केसरी को लोन निकालने के लिये ऋण पुस्तिका,रजिस्ट्री पेपर दिया था। दस्तावेज को फोटो कापी कर वापस देना के लिए बोला गया था। साजिश कर जमीन एवं मकान को पीड़िता के अनुपस्थिति में बगैर जानकारी के विभोर गुप्ता के पास फर्जी तरीका से बेच दिया। 16 जनवरी 2026 को इसकी जानकारी पीड़िता को हुई।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने जीते 3 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छठवीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गोल्ड कप इनविटेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप एवं प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पूमसे ताईक्वांडो चैंपियनशिप 2025–26 का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक स्वर्गीय बी.आर. यादव इंडोर स्टेडियम राज्य खेल प्रशिक्षण संस्थान बहतराई बिलासपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ ताईक्वांडो एसोसिएशन बिलासपुर द्वारा किया गया। जिसमें फ्रेशर, सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर लड़के/लड़कियाँ और सीनियर पुरुष/महिला वर्गों के खिलाड़ी हिस्सा लिए।

## 18 जिलों से 545 खिलाड़ी, कोच और ऑफिशियल्स ने निभाई सहभागिता

### खेल प्रेमियों ने व्यक्त किया हर्ष

हमें गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने बेमेतरा जिले और एकेडमी का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है।" खिलाड़ियों की इस सफलता पर उनके परिवारजन, प्रशिक्षक और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से विवेक पोल, दीपक मेगवानी, डॉ. रमेश धनगर, भाग्यश्री पोल, नम्रता साहू, शिल्पा राठी और पिंकी ढींगरा शामिल रहे।




### इन्होंने जीता पदक

पदक विजेता खिलाड़ियों में यशश्वी वर्मा स्वर्ण पदक,वसुंधरा शुक्ला रजत पदक,राजवीर वर्मा कांस्य पदक शामिल रहे। इसके अलावा, प्रतियोगिता में मोहम्मद आर्यन खान, खोमेश वर्मा, भावी टंडन, आरुषि बंजारे एवं हरिराम का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।

इस दौरान राज्य के 18 जिलों से कुल 545 खिलाड़ी, कोच और ऑफिशियल्स ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया।

जिले का प्रतिनिधित्व द वॉरक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ डिफेंस एकेडमी के आठ खिलाड़ियों ने किया। खिलाड़ियों ने क्यूरोगी इवेंट के विभिन्न आयु और वजन वर्गों में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक सहित कुल 3 पदक अपने नाम किए। एकेडमिक के मुख्य प्रशिक्षक भानु प्रताप साहू ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, "यह सफलता खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है।

## सियासत : कांग्रेस नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को जनता विरोधी बताया

# मजदूरों के अधिकार छीनने की साजिश है केंद्र सरकार की नीतियां : उमेश पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

केन्द्र व राज्य सरकार की खराब नीतियो चलते आज प्रदेश ही नही अपितु पूरे देश की जनता परेशान हाल है पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार ने मजदूरो के लिए 100 दिन के काम की गारंटी दी थी जबकि वर्तमान मोदी सरकार 125 दिन का काम देने के बहाने काम की गारंटी को ही खत्म करना चाहती है वही प्रदेश सरकार से हर वर्ग परेशान है बिजली बील मे बढोतरी, किसानो को खाद बीज के लिए परेशान करना, बेरोजगारो को नौकरी नही देने जैसे कामो मे सरकार फेल होते दिख रही है।

■ कृषि, रोजगार और ग्रामीण कल्याण के मुद्दों पर ग्रामीणों को किया जागरूक

आज मे बदलाव लाकर मोदी सरकार गरीब मजदूरो का आधिकार छीनना चाहती है वही प्रदेश मे इस वर्ष धान खरीदी का बूराहाल था प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी मामले मे लक्ष्य से काफी पीछे रही किसानो को टोकन नही मिला इसलिए लोग समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री नही कर पाये उक्त बाते मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम मे थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के कुरूद, टिपनी व उमरावनगर पहूंचे प्रदेश समन्वयक, खरसिया विधायक व पूर्उव मंत्री मेश पटेल ने कही है।इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगङ, जिलाध्यक्ष आशीष छाबङा, अविनाश चौबे, पूर्व विधायक गुरूदयाल बंजारे, ललित विश्वकर्मा, प्रणीश चौबे, सनतधर दिवान, पुन्नीलाल पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रोशन सिन्हा, जितेन्द्र उपाध्याय, मनहरण सिन्हा, गोरेलाल चंद्राकर सहित मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, अविनाश पटेल;डाकवर पटेल व धर्मेन्द्र चंद्राकर, शमशीर कुरैशी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी उपस्थित थे।



### ये रहे उपस्थित

उक्त कार्यक्रम हेतु साजा विधानसभा के कुरूद, टिपनी व उमरावनगर पहूंचे अतिथियो का बाजे-गाजे व फूल मालाओ से कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीणो ने आत्मीय स्वागत किया वही अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया गया।इस आवसर पर प्रमूख रूप से जागेश पटेल, संजय वैष्णव, ज्वाला साहू, बिरेन्द्र सिन्हा, लाला साहू पुखराज वर्मा, लीलाधर चंद्राकर, गब्बर वर्मा, संपत, अशोक साहू, किर्ति साहू, ईश्वर साहू, योगेश तिवारी, गणेश सिन्हा, अंजोर यद्ध, अजय शर्मा, जगमोहन यादव, प्रकाश सेंगर, जलेश्वर सिह राजपूत, विजय मिश्रा, राजेन्द्र दुबे, उमाशंकर सिह, ढाल सिह सहित बडी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### राज्य सरकार पर साधा निशाना

गाँव की जनकल्याणकारी योजनाओ को बचाने एआईसीसी का केन्द्र सरकार के खिलाफ राष्ट्र व्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत तहसील क्षेत्र के ग्राम कुरूद, टिपनी व उमरावनगर के नुक्कड़ सभा व जन चौपाल मे शामिल हुए प्रदेश समन्वयक व खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि पहले ग्राम पंचायत मनरेगा के तहत प्रस्ताव बनाकर जिला पंचायत कार्यलय को भेजती थी और मनरेगा कार्यक्रम ग्रामीण तय करते थे अब केन्द्र सरकार द्वारा लायी गयी योजना से कार्पोरेट जगत के लोग लाभान्वित होंगे और दिल्ली मे गांवो का काम तय होगा। उन्होने राज्य सरकार को आङे हाथो लेते हुए कहा कि आज बार बार बिजली बील मे भारी बढोत्तरी को लेकर आमजन परेशान है वही बुजुर्गों को मिलने वाली 500 सौ रूपए पेंशन तक बंद कर दिया गया है, भाजपा की कथनी व करनी मे बहूंत अंतर है।प्रदेश समन्वयक उमेश पटेल ने कहा कि मनरेगा मे केन्द्र के भाजपा सरकार ने बङा बदलाव किया है पहले शत प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार देती थी आब राज्य सरकार के लिए 60-40 का अंशदान तय किया गया है।उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो की धान समूचित रूप से नही खरीद पायी है चारो तरफ भ्रष्टाचार का आलम है और करोङो की धान घोटाले मे चूहा को बदनाम किया जा रहा है।

# थाना खम्हरिया में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना खम्हरिया क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई नगद राशि 8,921 रुपये बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ऋषि अग्रवाल, पिता किशनलाल अग्रवाल, उम्र 56 वर्ष, निवासी थाना खम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका जनरल स्टोर्स एवं फैंसी दुकान उनके घर से लगा हुआ है। 30 जनवरी की रात लगभग 8 बजे दुकान बंद कर गल्ले में नगदी रखकर घर के आगे-पीछे के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित सो गए थे।

■ 8,921 रुपये की नगदी बरामद

अगले दिन 31 जनवरी 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे जब दुकान खोली, तो गल्ले में रखी लगभग 8 से 9 हजार रुपये की नगदी रकम गायब पाई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खम्हरिया में अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 305(ए), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही विश्वनाथ विश्वकर्मा एवं विक्रम धुर्वे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई नगदी राशि 8,921 रुपये जप्त कर बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में विश्वनाथ विश्वकर्मा, पिता संजय विश्वकर्मा, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 10, थाना खम्हरिया विक्रम धुर्वे, पिता मन्नु धुर्वे, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 9, थाना खम्हरिया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### इनका रहा योगदान

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सहायक उप निरीक्षक कृष्णा क्षत्री, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक बलदेव निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, अशरफी खान सहित थाना खम्हरिया पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

# गोपालभैना संगम में लगा माघी पूर्णिमा मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ के समीप ग्राम गोपालभैना के पावन संगम तट पर परंपरानुसार आयोजित माघी पूर्णिमा मेला श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। पवित्र तिथि के अवसर पर सुबह से ही संगम तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और मंदिर में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

■ श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मेले के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। भजन-कीर्तन और जयघोष से संगम तट गूंजता रहा। इस अवसर पर हुलास भुवाल, मिंटू बिसेन, विद्यानंद जायसवाल, पृथ्वीराज सिंह, दिवाकर सिंह, विनोद साहू एवं राजा जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने संगम में स्नान कर विधिवत पूजा की। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ग्रामवासियों द्वारा स्वच्छता, पेयजल और व्यवस्था प्रबंधन के इंतजाम किए गए। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। संगम तट के आसपास लगी छोटी दुकानों पर पूजा सामग्री, प्रसाद और घरेलू सामान की खरीदारी होती रही।

**विलुप्त होती मेले की रौनक बनी चर्चा का विषय:** हालांकि धार्मिक आस्था और परंपरा के निर्वहन में कोई कमी नहीं दिखी, लेकिन गोपालभैना मेले की वह पुरानी रौनक इस बार नदारद रही। पहले जहां ▶▶| शेष पेज 5 पर

# भाजपा जिला कार्यालय में बजट सत्र का हुआ सामूहिक श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट सत्र का भाजपा जिला कार्यालय बेमेतरा में जिला अध्यक्ष अजय साहू के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। बजट सत्र के पश्चात जिला अध्यक्ष अजय साहू ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आम नागरिकों के जीवन-यापन को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। रजाकर बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने आर्थिक वृद्धि को तेज़ करने पर विशेष जोर दिया है।

■ जिला अध्यक्ष अजय साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुना केंद्रीय बजट



व्यापारी वर्ग के लिए आयकर नियमों को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है, साथ ही उद्योग और निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई विकासोन्मुख योजनाओं की घोषणा की गई है। जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल ने बजट को आम जनमानस, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए लगभग 1.63 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि नकदी फसलों जैसे नारियल, बादाम सहित पशुपालन के क्षेत्र में नई योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी। नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, पोषण वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी, मोंटी साहू, प्रवीण राजपूत, रेवा राम निषाद, संदीप यादव, योगेश वर्मा, विनय साहू, ललिता साहू, ममता साहू, नीतू कोठारी, विकास तंबोली, धर्मेंद्र साहू, राजू देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी ने दी।

## राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने दुकान निर्माण का विरोध

# नवागढ़ में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज से, जनपद पंचायत के सामने गड़ेंगे तंबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जनपद पंचायत कार्यालय के सामने राजीव गांधी की प्रतिमा के समीप किए जा रहे दुकान निर्माण को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। सोमवार 2 फरवरी से कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता जनपद पंचायत के सामने तंबू गाड़कर अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरुआत करेंगे।

■ दो साल के भुगतान की जांच की मांग

पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मारकंडे और जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी द्वारा दुकान निर्माण रोकने के लिए दिए गए आवेदन के बावजूद कार्य जारी रहने से कांग्रेस में नाराजगी है। इसी के चलते कांग्रेस के नेता सड़क पर उतरने जा रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री ललित विश्वकर्मा ने जिले के पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक, मंडल व सेक्टर अध्यक्षों सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को आंदोलन में शामिल होने की सूचना दी है। आंदोलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा एवं नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे की मौजूदगी भी रहेगी। इधर, जनपद पंचायत के सामने दुकान निर्माण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ अध्यक्ष अश्वनी अनंत, नादघाट ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र साहू और संबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राजपूत द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को एसडीएम नवागढ़ ने सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा को भेज दिया है। ज्ञापन में दुकान निर्माण पर तत्काल रोक लगाने के साथ-साथ पिछले दो वर्षों में जनपद पंचायत द्वारा किए गए सभी भुगतानों की जांच की मांग की गई है। कांग्रेस ने कर्मचारियों के वेतन मद की राशि के निर्वाचन में उपयोग, खरीदी, उपकरण मरम्मत, बैंक खातों और संधारित कैश बुक की भी जांच कराने की मांग उठाई है।



### एक मंच पर होंगे सभी गुटः कांग्रेस

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन खास होगा, क्योंकि पहली बार पार्टी के सभी गुट एक मंच पर दिखाई देंगे। आंदोलन को लेकर नवागढ़ में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# विशाखापट्टनम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की टीम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नेहरू युवा केंद्र शासकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत इकाई के स्वयंसेवक शिवम रात्रे एवं किशन वर्मा ने विशाखापट्टनम में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम शिविर में जिले से प्रतिनिधित्व किया। शिविर में आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवकों ने सहभागिता दर्ज की। शिविर के लिए चयनित, शिवम रात्रे एवं किशन वर्मा मेरा युवा भारत में पंजीकृत है। शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने कराटा, बोग, स्पोर्ट का प्रशिक्षण एवं साहित्यिक गतिविधि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ साथ, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में भी सहभागिता दर्ज किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम प्रथम स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में शिवम रात्रे को उच्च स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विज्ञान एवं कला महाविद्यालय के

■ यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में भी हुए शामिल



प्राचार्य वीणा त्रिपाठी, रासेयो कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर मनीष वर्मा तथा महविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं स्टॉफ ने दोनों स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया बागवानी की सफाई

**अर्जुनी।** बैगलेस डे के मौके पर शनिवार को प्राथमिक शाला सुखरी की कक्षा पांचवीं के छात्र छात्राओं ने प्रधान पाठक सपना भारद्वाज के निर्देशन में बागवानी की सफाई किया। बच्चों ने खरपतवार साफ करते हुए सिंचाई और पानी निकासी का भी प्रबंध किया।

### बुन्देली में मना रजत महोत्सव

**सड़क अतरिया।** विद्युत विभाग बुंदेली द्वारा शनिवार को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्युत विभाग द्वारा भव्य छत्तीसगढ़ रजत



महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग की उपलब्धियों, विद्युत उत्पादन, वितरण एवं उपभोक्ता सेवाओं में हुए नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सस्ती, सतत एवं विश्वसनीय विद्युत सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा राज्य के विकास में विद्युत विभाग की भूमिका को रेखांकित करना रहा। महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी, जनजागरूकता कार्यक्रम, एवं विभागीय सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जिनमें पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### रविदास जयंती समारोह 8 को

**पटेवा।** पटेवा में आगामी 8 फरवरी को मेहर समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता



स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता ध्रुवकुमार मिर्जा चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष करेंगे। कार्यक्रम में खेमराज बाकरे केन्द्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मेहर समाज, किरण विनोद बारले शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि तुलसी साहू, लक्ष्मी वर्मा, नरेंद्र वर्मा, ललित साहू, विरेन्द्र हिरवानी, नीलकंठ साहू, पुसऊलाल वर्मा, मिथलेश साहू, छन्नू कन्नोजे होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। दोपहर 2 बजे मूर्ति स्थापना एवं पूजा अर्चना होगी। रात्रि 8 बजे से जय मां दुर्गा बाल झांकी परिवार पाबंदी धमधा का कार्यक्रम रखा गया है।

### जैन को मिली एलएलबी की डिग्री



**खड़गांव।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में गत दिनों आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में हरिभूमि के संवाददाता विजय कुमार जैन को एलएलबी की डिग्री से नवाजा गया। श्री जैन ने एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के बाद आल इंडिया बार काउन्सिल परीक्षा क्वालीफाई कर लिया है। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में 30 जनवरी को आयोजित दीक्षांत समारोह आयोजित में राज्यपाल रमेन डेका ले डिग्री प्रदान की।

### महायज्ञ में पूर्णाहुति देने उमड़े श्रद्धालु

**खुज्जी।** ब्रम्हचारी आश्रम में आयोजित पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण



महायज्ञ का समापन 1 फरवरी को पूर्णाहुति, गो-पूजन, विसर्जन एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराया। संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के संरक्षण में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामचरितमानस महोत्सव अंतर्गत मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से जनमानस को भक्ति रस में सराबोर किया। महायज्ञ के दौरान सांसद संतोष पांडे ने आश्रम पहुँचकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित अन्य स्थलों के दर्शन किए। समापन अवसर पर संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी ने महायज्ञ में शामिल समस्त श्रद्धालुओं तथा इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा

**बांधाबाजार।** रजत जयंती महोत्सव के तहत विद्युत विभाग ने ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में जनप्रतिनिधि, विभागीय



अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव, जिपं सदस्य शेश्वरी धुर्वे, संदीप मेश्राम, विनीत शर्मा, संतोष शुक्ला, गोपाल खंडेलवाल, सागर गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, सुनीता विश्वकर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में 25 वर्षों की उपलब्धियों को स्मरण करते हुए विकास कार्यों एवं जनसेवा में विभाग की भूमिका पर चर्चा की गई।

### प्रीति और किरण बनी महिला मोर्चा की महामंत्री

**गंडई पंडरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा चौबे ने



अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष डॉ. विशेषर साहू की अनुशंसा पर की गई। नई कार्यकारिणी में कांता यादव, डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, पुष्पा वर्मा, ममता राजपूत, ज्योति पटेल एवं अनुभा जैन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महामंत्री की जिम्मेदारी अधिवक्ता प्रीति यादव, किरण गुप्ता को मिली है। सोनिया दुबे को कोषाध्यक्ष तथा वंदना टांडेकर को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंत्री का दायित्व ललिता साहू, रेखा देवदास, शकुन पटेल एवं अमेरिका यादव को सौंपा गया है। नीलम सिंह राजपूत सोशल मीडिया प्रभारी होंगी। श्रीमती उमा चौबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया है।

### जस गायन और झांकी छह से

**चिचोला।** रंगीटोला में मां शीतला सेवा युवा भजन मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 7 एवं 8 फरवरी को देवी जस गायन एवं झांकी महोत्सव का आयोजन रखा गया है। आगामी 6 फरवरी को कलश यात्रा शीतला मंदिर प्रांगण से निकाला जाएगा। शुभारंभ संध्या 7 बजे से होगा।

### जिले में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में कार्यक्रम संपन्न

# माता-पिता के छलके आंसू मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के तत्वावधान में लालबाग स्थित सिंधु भवन में सुंदर तरीके से मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया गया। माता-पिता को ऊँचे आसान में बिठाकर उनकी पूजा-अर्चना किया गया, फिर आरती की थाली लेकर माता-पिता की आरती किया गया। यह भावविभोर दृश्य देख माता-पिता के साथ बच्चों के आंखों से आंसू बहने लगे।

इस सुंदर आयोजन में पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, लोकचंद लहरवानी, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, प्रकाश वाधवानी, लक्ष्मीचंद आहूजा सहित गणमान्य लोग शामिल हुए।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि वर्ष 2006 में संत आशाराम बापू ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की पहल की, जो आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे हैं। यह अभियान एक व्यापक रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस पर्व की सराहना करते प्रतिवर्ष इसे मनाने की घोषणा की है।



#### लोगों की रही उपस्थिति

इस आयोजन में मुख्य रूप से रमेश भोजवानी, हरीश कटियारा, टहलूराम साहू, हेमंत देशमुख, महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी, शिखा डेमबानी, प्रियल डेमबानी, नीतू लहरवानी, रानी कटियारा, सुषमा भोजवानी, भूमि गिड़लानी, जया जयसिंघानी, कोमल ललवानी, सरिता भोजवानी, रेशमा कटियारा, भाविका चिचेरिया, ममता बजाज, रेखा बहन आदि का विशेष सहयोग रहा।

#### माता-पिता का आशीर्वाद सच्ची सफलता: मोटलानी

कार्यक्रम में सम्मिलित पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूलाल मोटलानी ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे उनका आदर करें और जीवन में सफल होकर नाम रोशन करें। आज के समय में मातृ-पितृ पूजन जैसे कार्यक्रम बच्चों को पतन से उत्थान की ओर ले जा रहा है। बच्चों का भविष्य उज्ज्वल तो हो ही रहा है। साथ ही माता-पिता का हृदय भी बच्चों के लिए अपार आशीर्वाद से भरा होता है। माता-पिता के आशीर्वाद से ही सच्ची सफलता मिलती है।

#### बच्चों ने की पूजा-अर्चना

बाल संस्कार विभाग व युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी। विधिवत हुए इस पूजन कार्यक्रम की उपस्थित लोगों के हृदय से स्वीकारा की, ऐसे दिन को बड़े भव्यता के साथ सभी को करना चाहिए। दो सौ से अधिक स्थानों पर आयोजन के श्री साहू ने बताया कि राजनांदगांव जोन में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है तथा 14 फरवरी तक 500 स्थानों तक करने का लक्ष्य है।

## धर्मनगरी में भागवत कथा का आयोजन 9 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन आगामी 9 से 15 फरवरी तक होगा। इस दौरान भागवत महात्म्य, प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिवसती प्रसंग, कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुख्मणी विवाह सहित अनेक प्रसंगों का भावपूर्ण वाचन किया जाएगा। अंत दिन सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं महाआरती होगी। इसी क्रम में 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास संपन्न होगा। आगामी 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा समिति डिपरा पारा एवं महिला समिति वार्ड 23 के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है।

### योजनाओं की दी जानकारी

**डोंगरगढ़।** विद्युत वितरण केंद्र मुसराकला के तत्वावधान में 30 जनवरी को कुसमी रजत जयंती



कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य जनपद सभापति सीमा ओम साहू थी। कार्यक्रम में सरपंच तीरथ पटेल, गायत्री टेम्बुरकर, सहायक अभियंता लाखनसिंह ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता कमलेश सोनवानी, अश्वनी पैकरा, ओमप्रकाश लिल्हारे, ओंमकार लिल्हारे, बजरंग साहू, लाइनमेन ईश्वरी वर्मा, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में विभागीय योजना के बारे में जानकारी दी गई। वीडियो क्लिप के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना के बारे में बताया गया। नियमिति भुगतान करने वाले श्रेणीवार 5-5 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## रजत जयंती कार्यक्रम में उपभोक्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने छिरपानी प्रागंण में रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम की शुरूवात की। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ शहर के हर घर तक पहुँचना उनका लक्ष्य है। इस योजना के माध्यम से शहर में निवासरत परिवारों को उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनाकर उनके अतिरिक्त आय के संसाधन मुहैय्या कराने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने पिछले 25 वर्षों मे अनवरत विकास एवं जन सुविधाओं का विस्तार किया है जिससे सामान्य नागरिको के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया हैं।

#### उपलब्धियों की सराहना

अतिथियों ने पीएम सूर्य घर, बीपीएल कनेक्शनधारी, महिला उपभोक्ता, कृषक एवं जीवन ज्योति योजना के उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता प्रीतम जैकब, सीमा ढ़ील मौजूद थे। अध्यक्षता कर रहे मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर को पीएम सूर्य घर से जगमगाने का प्रस्ताव रखेंगे। कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने विभागीय योजनाओं से अवगत कराया।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

**डोंगरगढ़।** आजाद चौक गोल बाजार में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाया। कार्यक्रम के बाद हाईस्कूल चौक में मनरेगा का



नाम बदलने एवं धान खरीदी की तिथि को बढाने की माँग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में किया गया। आभार प्रदर्शन हरीश भंडारी ने किया। इस दौरान विष्णु लोधी, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, ललित साकरे, रितु निर्मलकर, बिंदाबाई, निशा निर्मलकर, ममता शिंदे, रेखा खोब्रागढ़े, सारिका, प्रदीप शर्मा, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, रामजी तराने, बबलू शांडिल, संदीप सिंह गहरवाल, संजय यादव, जकतारण, पप्पू इंदुलकर, नरेश करसे, ऋषि शर्मा, गणेश प्रसाद, तरुण फुले, भाऊ दास मेश्राम, रितेश रामटेक, दशरथसिंह, डॉ. दिलीप नसीने, रजत देशपांडे, निर्मल जैन, दशरत सोनी, संजू गुप्ता, रवि तिवारी, सूरज साहू, मनोज साहू, रवि बगमारे, के विनायक राव, अक्षय चौरड़िया, मो सिराज, बिंदेश सिन्हा, जहीर खान, सूरज अम्बादे, प्रशांत कांडे, केशव तांडी, अमन उजवने, एडविन हैदर आदि मौजूद थे।

## बैठक में सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर की बैठक गत दिनों अध्यक्ष गिरवर साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष गिरवर साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे अंतिम गाँव तक पहुंच कर समाज की नियमावली से सामाजिकजनों को अवगत कराने, समाज मे फैल रही कुरीति को दूर करने जागरूकता अभियान चलाना होगा। इस अभियान के माध्यम से हमे बच्चों को भी जोड़ने का अवसर मिलेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कोमल साहू, रोहित साहू, नागराज साहू, राजेश साहू, अश्वनी साहू, कमलेश साहू, राजेन्द्र साहू, मीणा साहू, मदनगोपाल साहू, उभेराम साहू, मिनेश साहू, महेतरु साहू, रामखिलावन साहू, रोहित साहू, फागुराम साहू, कैलाश साहू आदि उपस्थित थे। संचालन तहसील साहू संघ के सचिव रामाधीन साहू ने किया।



## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित

### बच्चों को मिली सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

स्थानीय विद्याश्री विजडम स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सुसज्जित तरीके से सजाया गया था।

मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी हेमलता दास, अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय जैन, विशेष अतिथि सरपंच हेमचंद्र कृषाणे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद कुरैटी, तोमन साहू, शिक्षक श्री ठाकुर थे।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं स्वागत गीत से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, नाटक एवं कविता पाठ शामिल थे।

नशा नाश की जड़ है का संदेश देते हुए नाट्य मंचन किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। छत्तीसगढ़ की परंपरा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं की जमकर तारीफ की। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है और ऐसे कार्यक्रम शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति को मजबूत करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

#### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम, माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। मुख्य अतिथि सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल थे। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि रोहित चंद्राकर, गंगादास वैष्णव, तिलक सिन्हा, निमेश अग्रवाल, आरपी द्विवेदी, अनिल साहू, खिलेश्वर साहू, वेदना देशमुख, संध्या पाण्डेय, सिया सैनी, जमुना साहू, रामविलास साहू, चुनेश्वर साहू, चंदू साहू, मनहरण साहू, बल्देव साहू, पूनमचंद साहू, नूतन यादव, देवेंद्र नंदेश्वर थे। इस मौके पर कक्षा अरुण से अष्टम तक के प्रथम, द्वितीय आने भैया बहनों को सम्मानित किया गया। संकुल, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव, भावना यादव मौजूद थी। संचालन अमित साहू, टामिन साहू, आभा सेन ने किया। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।

### धनगांव में श्रद्धा से मनाया गया गुहा जयंती

# एक जोड़े का हुआ आदर्श विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निषाद समाज परिक्षेत्र सांकरदाहरा, खुज्जी एवं पंचगईहा चारभाठा कुल्हाडी. के तत्वावधान में श्री राम भक्त गुहाराज निषाद जयंती गत दिनों श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह आयोजन श्री राम-जानकी मंदिर धनगांव प्रांगण में किया गया। इस मौके पर सौ का. सीमा सुपुत्री सेतलाल निषाद निवासी मोखली का चि. नोयल सुपुत्र बलराम निषाद निवासी चां का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिहा निषाद ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ऐसा कोई समाज नहीं है जिसे भगवान राम जी के चरणों को छूने का अवसर मिला हो लेकिन निषाद समाज के गुहाराज निषाद को यह अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबको भवसागर से पार कराते है लेकिन गुहाराज निषाद ने भगवान श्रीराम के चरणों को धोकर नाव से गंगा पार कराया। उन्होंने आदर्श विवाह की सराहना करते हुए कहा कि खर्चीली शादी से बचने के लिए यह आयोजन जरूरी है। श्रीमती वैष्णव ने निषाद समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया तथा ग्रामीणों की मांग पर धनगांव में कला मंच और मुक्तिधाम शेड निर्माण की घोषणा की।

#### सामाजिक एकता का प्रतीक

समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, हिरेन्द साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भक्त गुहाराज निषाद ने निस्वार्थ मित्रता से भगवान श्री राम को पाया। कार्यक्रम में टीकम निषाद, छगन निषाद, मौजीराम निषाद, पन्ना निषाद, संजय सिन्हा, विमला सिन्हा, हिरदे देवांगन, लक्ष्मी मंडावी, सुन्दर साहू, कोमल सिन्हा, टेकराम निषाद, शिवप्रसाद निषाद, मुरारी निषाद, तारम निषाद, दिनेश शाबला, रामकुमार विश्वकर्मा, गजेन्द्र वैष्णव, पुनम साहू, बिसौहा धुर्वे, नानकराम चंद्रवंशी उपस्थित थे। संचालन महेश बंजारे एवं आभार व्यक्त गौतरिया निषाद ने किया। कार्यक्रम में भागवत निषाद, हरिश साबला, गरीबा निषाद, लिलेन्द्र निषाद, रामाधार निषाद, दाताराम, धन्नूराम, प्रमिलाबाई, भूषण निषाद, रामजी निषाद, दुर्योधन निषाद, मुरारी निषाद, महेन्द्र साबला, लालसिंग, देवसिंग, रेखा निषाद, मुरारी, पुरुषोत्तम, अर्जुन निषाद, पंचराम, श्यामलाल, शिव प्रसाद, देवशरण, रजनु, शंकर, प्रताप, दिनेश, स्वरुप, शंकर, लाखु राम, उत्तम निषाद, बिराजो बाई, हुरोतिन, लता निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

## मेधावी बच्चे सम्मानित



■ अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ टटेंगा ने कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभावान छात्र एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, प्रबुद्ध नागरिक का सम्मान किया। गत दिनों इस कार्यक्रम में पांचवी में प्रथम रितिका साहू, द्वितीय काव्या साहू, आठवीं में प्रथम मौली साहू, द्वितीय लौनिका सुधाकर, दसवीं में प्रथम सुषमा सुधाकर, द्वितीय लीना सुधाकर, बारहवीं मे प्रथम टिकेश्वर सुधाकर, द्वितीय पंकज यादव, सेवानिवृत्त देवेन्द्र रामटेके का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोधन साहू ने की। कार्यक्रम में उत्तमचंद साहू, गेंदालाल देवांगन, पुरुषोत्तम उर्वशा, चंद्रशेखर उर्वशा, नेतराम सुधाकर, पोषण उर्वशा, देवी सुधाकर, बुधरु यादव, हेमंत करायत, विरेन्द्र यादव, सुखनंदन सिन्हा, पुरन देवांगन, गेंदलाल साहू, दुर्जन साहू, ईश्वर बघेल, चन्द्रकुमर कोरटिया, ईगमन सुधारक, अशोक सुधाकर, ज्ञानेन्द्र सुधाकर, जीतू करसेल, आंसू सोनपिपरे आदि शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

## बजट 2026 ऐतिहासिक विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमः चांडक

**साजा।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स साजा इकाई के अध्यक्ष गंगाधर चांडक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे देश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार बजट का पूंजीगत व्यय 12.20 लाख करोड़ के पार पहुँचना ऐतिहासिक है, जो बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को नई गति देगा। यह बजट न केवल आम आदमी, किसान और युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला है, बल्कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अध्यक्ष गंगाधर चांडक ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण हेतु 10,000 करोड़ का ग्रोथ फंड और ट्रेड्स के जरिए 7 लाख करोड़ की फंडिंग का प्रावधान छोटे व्यापारियों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने विशेष रूप से 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0', 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल' और ग्रामीण महिलाओं के लिए 'शी-मार्ट्स' जैसी योजनाओं की सराहना की। इसके साथ ही, तेंदूपत्ता उद्योग के लिए टीसीएस की दर 5% से घटाकर 2% करने के निर्णय को स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी राहत बताया। चांडक के अनुसार, कर्तव्य भवन में तैयार यह पहला बजट नीति, निवेश और विश्वास का संगम है, जो 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत नींव रखेगा।

## रविदास जयंती समारोह 3 फरवरी को

**कवर्धा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती के पावन अवसर पर जिला स्तरीय भव्य समारोह का आयोजन 03 फरवरी 2026 को संत गुरु रविदास गुरुद्वारा, वार्ड क्रमांक 18, कवर्धा, जिला कबीरधाम में किया जाएगा। यह आयोजन समस्त जिला अहिरवार समाज, कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड तथा नंदू राडेकर, जिला अध्यक्ष, अहिरवार समाज, कवर्धा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय मेहरा प्रदेश अध्यक्ष, रविदास समाज, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष, कवर्धा, सौखी अहिरवार पार्षद, संत रविदास वार्ड क्रमांक 04, कवर्धा उपस्थित रहेंगे।

## असामाजिक तत्वों पर की गई कार्यवाही

**कवर्धा।** जिले में शांति व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कवर्धा कोतवाली पुलिस ने घुघरी रोड क्षेत्र में राहगीरों को रोककर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीन व्यवहार करने एवं लोगों को डराए जाने की शिकायतों पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस तरह की प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक कृष्णा चंद्राकर के पर्यवेक्षण में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप एवं दोनों थाना की संयुक्त टीम गठित कर योजनाबद्ध कार्यवाही की गई।

**प्रतिक्रिया**

बजट को विकास और विश्वास का दस्तावेज़ बता रही है भाजपा

# केंद्रीय बजट 2026 पर सियासी संग्राम फायदे - नुकसान को लेकर जिले में दो राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट 2026 को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। भाजपा जहां बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार,




महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्थिरता को बड़ी उपलब्धि बता रही है, वहीं कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय और मध्यम वर्ग को राहत न मिलने को लेकर बजट को पूरी तरह विफल करार दिया है। बजट पेश होते ही सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। केंद्रीय बजट 2026 को लेकर साफ है कि भाजपा इसे विकास और विश्वास का दस्तावेज़ बता रही है, जबकि कांग्रेस इसे आम जनता के लिए खोखला और राहत विहीन करार दे रही है। आने वाले दिनों में बजट को लेकर राजनीतिक गर्मी और बढ़ने के संकेत हैं।

### "इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और महिलाओं के लिए ऐतिहासिक बजट" अजय साहू



जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने बजट को देश के भविष्य के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि इस बजट में बुनियादी ढांचे के लिए बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय, सड़क, रेल और आवास क्षेत्र में निवेश बढ़ाया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि "महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर को सस्ता ऋण, डिजिटल इकोनॉमी और कौशल विकास पर जोर—यह सब बजट को समावेशी बनाता है। अजय साहू ने दावा किया कि यह बजट "गरीब, किसान, महिला और युवा—चारों स्तंभों को सशक्त करने वाला" है।

## आम जनता के लिए बजट को खोखला और राहत विहीन करार दे रही है कांग्रेस

### महंगाई-बेरोजगारी पर चुप्पी, किसान-युवा फिर ठगे गए : आशीष छाबड़ा



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बजट के अंशों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बजट में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और रोजमर्रा की महंगाई पर कोई ठोस राहत नहीं दी गई। किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्जमाफी या आय दोगुनी करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी नौकरियों, स्थायी रोजगार और युवाओं के लिए ठोस भर्ती योजना बजट से नदारद है। मनरेगा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं होना सीधे आम जनता के साथ अन्याय है। छाबड़ा ने इसे "कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता देने वाला और आम नागरिकों को नजरअंदाज करने वाला बजट" बताया।

### केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव : राजेन्द्र शर्मा




केंद्रीय बजट को देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला बताते हुए रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग और उद्योग जगत को केंद्र में रखते हुए समावेशी विकास, रोजगार सृजन और तकनीकी प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, हरित ऊर्जा और डिजिटलीकरण में किए गए निवेश से देश को नई गति मिलेगी।

### बजट सशक्त भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगाः होरीलाल सिन्हा



भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त भारत के निर्माण की ठोस नींव रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट में ओबीसी समुदाय के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 13,000 करोड़ के विशेष पैकेज की घोषणा ऐतिहासिक कदम है। इससे कारीगरों को वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी आय और सम्मान दोनों में वृद्धि होगी। सिन्हा ने आगे कहा कि प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप के माध्यम से ओबीसी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए शिक्षा की मजबूत आधारशिला रखी गई है। यह निर्णय सामाजिक न्याय को जमीन पर उतारने वाला साबित होगा और आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने का अवसर देगा।

## केंद्र सरकार नारे नहीं, नतीजे देने में विश्वास रखती हैः विजय सिन्हा



नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने केंद्रीय बजट की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि यह बजट कांग्रेस की खोखली राजनीति पर करारा प्रहार और विकास की ठोस गारंटी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि केंद्र सरकार नारे नहीं, नतीजे देने में विश्वास रखती है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, युवा और शहरी भारत को मजबूती देने वाला है। शहरी अधोसंरचना, आवास, सड़क, स्वच्छता, पेयजल और रोजगार के लिए किए गए प्रावधान विकास विरोधी ताकतों की बोलती बंद करने के लिए काफी हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग हर बजट का विरोध परंपरा बना चुके हैं, उन्हें देश की जनता बार-बार नकार चुकी है। केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ज़मीन पर उतारने वाला बजट है।

### विकसित भारत की नींव रखने वाला बजट- हर्ष तिवारी



भाजपा नेता हर्ष तिवारी ने बजट के दीर्घकालिक प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि यह बजट केवल आज की जरूरतों तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले 25 वर्षों के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रीन एनर्जी और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने वाले प्रावधान देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देंगे। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि "कांग्रेस को हर विकास कार्य में केवल राजनीति नजर आती है।"

### गौरवान्वित करने वाला बजट - राजू देवांगन



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजू देवांगन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे गौरव, अवसर और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए विकास के नए द्वार खोलेगा। राजू देवांगन ने कहा कि बजट में बुनकरों, कारीगरों, **MSME**, महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने वाले प्रावधान किए गए हैं, जिससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक क्लस्टर विकास, सस्ता और सुलभ ऋण, कौशल उन्नयन तथा डिजिटल मार्केटिंग जैसे कदम स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को आर्थिक रूप से मजबूत करेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे।

## भाजपा सरकार आम जनता को सिर्फ सपने दिखाने में माहिर : विश्वकर्मा



जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को निराशाजनक और जनविरोधी करार देते हुए कहा कि यह बजट एक बार फिर साबित करता है कि भाजपा सरकार आम जनता को सिर्फ सपने दिखाने में माहिर है, ज़मीन पर हकीकत कुछ और ही है। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि देश की महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, किसान कर्ज में डूबा हुआ है और मध्यम वर्ग टैक्स के बोझ तले दबा है, लेकिन बजट में इन बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट कॉरपोरेट मित्रों को राहत देने वाला है, जबकि किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं और छोटे व्यापारी पूरी तरह उपेक्षित हैं। रोजगार सृजन, कृषि समर्थन मूल्य, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकार की नीयत और नीति दोनों ही कमजोर दिखाई देती हैं। ललित विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर साल बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन बजट में उन दावों की सच्चाई उजागर हो जाती है। यह बजट विकास का नहीं, बल्कि भ्रम फैलाने का दस्तावेज़ है।

## बजट 2026 ऐतिहासिक 'विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम' - चांडक



चैम्बर ऑफ कॉमर्स साजा इकाई के अध्यक्ष गंगाधर चांडक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे देश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार बजट का पूंजीगत व्यय 12.20 लाख करोड़ के पार पहुँचना ऐतिहासिक है, जो बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को नई गति देगा। यह बजट न केवल आम आदमी, किसान और युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला है, बल्कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। चांडक ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण हेतु 10,000 करोड़ का ग्रोथ फंड और ट्रेड्स के जरिए 7 लाख करोड़ की फंडिंग का प्रावधान छोटे व्यापारियों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने विशेष रूप से 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0', 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल' और ग्रामीण महिलाओं के लिए 'शी-मार्ट्स' जैसी योजनाओं की सराहना की।

### महिला वित्तमंत्री ने समझी महिलाओं की जरूरत यह ऐतिहासिक बजट : प्रज्ञा निर्वाणी



भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता को समर्पित है। उन्होंने कहा कि इस बार केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए 5.08 लाख करोड़ का जेंडर बजट आवंटित किया है, जो सिर्फ महिलाओं के विकास हेतु मजबूत संकल्प को दर्शाबजट में हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण, महिला उद्यमिता हेतु लखपति दीदी योजना और शी मार्क जैसी पहल महिलाओं को आगे बढ़ाएंगी,महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए लगभग 28,183 करोड़ का प्रावधान महिला कल्याण योजनाओं को गति देगा। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि यह बजट माताओं-बहनों के सम्मान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम है।

### बेटियों के लिए खुशखबरी - नीतू कोठारी



बजट पर प्रदेश महिला मोर्चा की सोशल मीडिया सह प्रभारी एवं नगर पालिका बेमेतरा की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास का स्वर्णिम युग है जिसमें आज रविवार को बजट पेश वित्तमंत्री मान. श्रीमति निर्मला सीतारमण ने किया इस बजट में बेटियों के लिए प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की स्थापना की जायेगी जिससे बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी और बेटियां सशक्त बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई तरह के बदलाव किए गए हैं 7% ग्रोथ रेट की दर से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है। 3 नए आयुर्वेद संस्थान, 5 क्षेत्रिय मेडिकल संस्थान जिला अस्पतालों का अपडेट एवं बुजुर्गों के इलाज पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। आत्मनिर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था का मूलमंत्र है सरकार ने प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने की पूरी कोशिश की है।

### शिक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल : प्रांजल तिवारी



केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता, युवाओं, किसानों और बेरोजगारों के साथ सीधा धोखा है। प्रांजल तिवारी ने कहा कि यह बजट सिर्फ बड़े उद्योगपतियों और चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है, जबकि देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है।"उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए न नई नौकरियां हैं, न शिक्षा में कोई ठोस सुधार और न ही स्वरोजगार को लेकर कोई स्पष्ट नीति दिखाई देती है। किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग इस बजट से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

विद्यार्थियों ने जताया शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के प्रति आभार

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ विदाई समारोह



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंघौरी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य संजय प्रसाद प्यासी ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

उन्होंने जीवन के पथ पर अग्रसर होने के लिए महत्वपूर्ण 'मार्गदर्शन' देते हुए कहा कि अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। व्याख्याता रामगोपाल चंद्राकर ने बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया, वहीं व्याख्याता विनोद साहू ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सही समय पर सही निर्णय लेने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही विश्वकर्मा मैडम जी द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा दिखाई ।विदाई की इस वेला में कक्षा 12वीं के छात्र शेषनारायण साहू ने स्कूल के साथ अपने जुड़ाव और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि यहाँ की पढ़ाई का स्तर और शिक्षकों का सहयोगात्मक व्यवहार अत्यंत सराहनीय रहा है।

छात्रा नीतू कश्यप, आकांक्षा साहू और अनुश्री कश्यप ने भी विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। समारोह में मुख्य रूप से प्राचार्य श्री संजय प्रसाद प्यासी सहित व्याख्याता रामगोपाल चंद्राकर, विनोद कुमार साहू, विभा विश्वकर्मा, ल माधुरी साहू, सुश्री वेदिका साहू और सुश्री जाह्नवी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर विद्यार्थियों (12वीं) के लिए विदाई कार्यक्रम की व्यवस्था की, जिसमें दोनों कक्षाओं के विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# आयुष शर्मा बने युवा मोर्चा जिला महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बेमेतरा में संगठन को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पार्टी नेतृत्व ने आयुष शर्मा को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति की घोषणा के साथ ही जिलेभर के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हो गया है। नवनियुक्त जिला महामंत्री आयुष शर्मा लंबे समय से युवा मोर्चा में सक्रिय रहते हुए संगठनात्मक कार्यों,जनसंपर्क अभियानों और युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं।

- आयुष शर्मा ने विधायक ईश्वर साहू से की शिष्टाचार भेंट

संगठन के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने निरंतर परिश्रम और सक्रियता से पार्टी की मुख्यधारा से युवाओं को जोड़ने में प्रयास किया। बेमेतरा जिले की नई टीम में नवीन दायित्व प्राप्त करने के बाद जिले के महामंत्री युवा मोर्चा आयुष शर्मा ने क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू से उनके शासकीय आवास पर जाकर शिष्टाचार भेंट की और उनका धन्यवाद ज्ञापित किया अपने समर्थकों के साथ शिष्टाचार भेंट में आयुष शर्मा ने कहा कि संगठन के इस दायित्व का पूर्णनिष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन



करेंगे और पार्टी की रीति नीतियों को जनता के बीच ले जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां को बताएंगे सरकार की योजनाओं का जनता को किस तरह लाभ प्राप्त हो इस दिशा में युवा मोर्चा काम करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गनिर्देशन पर पार्टीहित में काम करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि युवा मोर्चा भाजपा की रीड है। इस दौरान उनके साथ साजा जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू सहित युवा मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।अपनी नियुक्ति के लिए जिला महामंत्री आयुष शर्मा ने प्रदेश संगठन एवं जिले के संगठन पदाधिकारीयों सहित युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**बेमेतरा में मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित**

# मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, चांदी के मेडल से बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जीवन एक मुस्कान अनेक सेवा संस्था, कुसमी द्वारा दानदाताओं के विशेष सहयोग से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सत्र 2024–25 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी, बालसमुंद एवं अर्जुनी के मेधावी विद्यार्थियों को चांदी के मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

- दानदाताओं के सहयोग से उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी में कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान कुमारी नोमेशवरी वर्मा, द्वितीय स्थान कपिल निषाद



एवं तृतीय स्थान गीतांजली साहू ने प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान उदय देवांगन, द्वितीय स्थान ऋषिका शर्मा एवं तृतीय स्थान कुमारी शीतल रहीं। इन विद्यार्थियों को चांदी के मेडल क्रमशः भारत कुमार सेन (कुसमी) द्वारा स्वर्गीय कार्तिक राम सेन की स्मृति में (10वीं प्रथम), मोहन वर्मा एवं नीमा वर्मा (कुसमी) (10वीं द्वितीय व तृतीय), पंचराम साहू (कुसमी) द्वारा स्वर्गीय लोकनाथ साहू की स्मृति में (12वीं प्रथम) तथा गजाराम देवांगन एवं राकेश देवांगन (कुसमी) द्वारा (12वीं द्वितीय व तृतीय) प्रदान किए गए। सभी विद्यार्थियों को जीवन एक मुस्कान अनेक सेवा संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालसमुंद में कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नरेन्द्र कुर्रे को किशन साहू (बालसमुंद) द्वारा स्वर्गीय बंशी साहू की स्मृति में चांदी का मेडल प्रदान किया गया। वहीं कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हृदयांशु शर्मा को शारदा प्रसाद साहू एवं गंगाराम साहू (बालसमुंद) द्वारा चांदी का मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान दामिनी निषाद को मनोज कुमार साहू (अर्जुनी) द्वारा स्वर्गीय रघुनंदन साहू की स्मृति में, द्वितीय स्थान रेशमा कौशल को तामेश्वर प्रसाद साहू (पिपरभट्ठा) द्वारा तथा तृतीय स्थान नेहा निषाद को रामखिलावन (भोला) मारकंडे (नयापारा बोरिया) द्वारा चांदी का मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रतिनिधि भारत कुमार सेन ने कहा कि "बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे आगे बढ़कर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। संस्था विगत कई वर्षों से चांदी के मेडल देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती आ रही है और यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।"

### संस्था के इस सराहनीय प्रयास की हुई प्रशंसा

कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए दानदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। संस्था द्वारा सभी दानदाताओं, सहयोगियों, विद्यालयों के प्राचार्यों एवं स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाज से इस प्रकार के पुनीत कार्यों में सहभागिता की अपील की गई। इस अवसर पर संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामवासी, सेवा संस्था के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

